# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली , रविवार,15 मार्च 2026


### सुविचार



हम वो हैं जो हमें हमारी सोच ने बनाया है, इसलिए इस बात का ध्यान रखिये कि आप क्या सोचते हैं। शब्द गौण हैं, विचार रहते हैं, वे दूर तक यात्रा करते हैं। - स्वामी विवेकानंद

### बरेली के प्रमुख समाचार


- दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछा, पुलिस का सबसे बड़ा अधिकारी कौन-II
- गैस की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग जांचने के लिए मारे छापे-III
- गली-गली निकली रामजी की सवारी, पुष्प वर्षा से किया स्वागत-IV




| इफ्तार | सहरी |
|---|---|
| रविवार शाम | सोमवार सुबह |
| सुन्नी: 6:24 | सुन्नी: 5:00 |
| शिया: 6:33 | शिया: 4:51 |

### सिटी ब्रीफ

## करांटे टीम में चयन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल 16 को

**बरेली, अमृत विचार :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयी कराटे (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता के लिए बरेली कॉलेज की टीम का चयन 16 को किया जाएगा। क्रीड़ा सचिव विवेक डागर ने बताया कि चयन प्रक्रिया कॉलेज परिसर में सुबह 9 बजे से शुरू होगी, जिसमें सभी इच्छुक खिलाड़ियों की उपस्थिति अनिवार्य है। चयनित टीम उसी दिन विश्वविद्यालय परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित मुख्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। ट्रायल के लिए खिलाड़ियों को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, अंतिम कक्षा की मार्कशीट, कॉलेज आई-कार्ड, फीस रसीद की छायाप्रति और दो नवीन फोटो लाना अनिवार्य है। बिना दस्तावेजों के चयन प्रक्रिया में शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ट्रायल में भाग लेने के लिए खिलाड़ी निर्धारित समय पर उपस्थित हों, सभी दस्तावेज साथ लाएं।

### शहर में आज

- अग्रवाल सेवा समिति द्वारा वैवाहिक परिचय सम्मेलन महाराजा अग्रसेन पार्क रामपुर गार्डन में सुबह 11 बजे।
- दरोगा पुलिस भर्ती परीक्षा का दूसरा दिन बरेली कालेज में पहली पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक दूसरी पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे।
- श्री गणेश उत्सव समिति द्वारा मॉडल टाउन स्थित श्री हरि मंदिर में श्री राम कथा शाम 4 बजे।
- मॉडल टाउन स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु गोविंद सिंह नगर में कीर्तन दरबार शाम 7 बजे।
- विद्युत पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा होली मिलन कार्यक्रम हाइडिल गेस्ट हाउस में सुबह 11 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में अभिलाषा की कत्थक प्रस्तुति शाम 5:15 बजे से।
- कुर्मी क्षत्रिय सभा द्वारा होली मिलन कार्यक्रम कुर्मी छात्रावास ब्रह्मपुर में दोपहर 3 बजे।
- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा होली मिलन समारोह चंद्रवर्ती बैंकट हॉल बदायूं रोड पर शाम 5 बजे।

### दरोगा भर्ती परीक्षा : इंतजाम ध्वस्त





बरेली कॉलेज से दरोगा भर्ती परीक्षा देकर जैसे ही अभ्यर्थी बाहर आए तो सड़क पर जाम के हालात बन गए। कालीबाड़ी समेत कई स्थानों पर वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ा। एक साथ सड़कों पर ट्रैफिक बढ़ने पर पुलिस के हाथ पांव फूल गए। वहीं, अभ्यर्थियों की भीड़ बरेली जंक्शन और रोडवेज बस अड्डों पर भी दिखी। आरपीएफ और जीआरपी स्टेशनों पर मुस्तैद दिखी। ● अमृत विचार

# शर्मनाक : किशोरी को बेचकर होटलों में कराया देह व्यापार

## परिजनों की डांट से नाराज होकर घर से निकल आई थी वाराणसी निवासी किशोरी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक होटल में 15 साल की किशोरी से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। किशोरी बहाना बनाकर होटल से निकलकर पुलिस के पास पहुंची। उसकी आप बीती सुनकर पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। इसके बाद पुलिस ने होटल में छापा मारकर तीन महिलाओं और एक युवक को गिरफ्तार कर सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। इनमें से एक नेपाल की रहने वाली युवती है। सेक्स रैकेट में कई होटलों के संचालक भी शामिल हैं, पुलिस ने उन्हें भी आरोपी बनाया है।

बारादरी थाने में शुक्रवार की देर रात एक किशोरी डरी हुई पहुंची। उसने थाने में जाकर बताया कि वह जनपद वाराणसी के चौबेपुर इलाके रहने वाली है। परिजनों की डांट के बाद उसने जनवरी 2026 के प्रथम सप्ताह में घर छोड़ दिया था। किशोरी ने बताया कि वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उसे रिया नाम की एक महिला मिली। आरोप है कि रिया ने कुछ दिन उसे अपने पास रखा। फिर उसे बरेली लाई और यहां बबली नाम की महिला को बेच दिया। बबली, उसका पति खलील खान व दोस्त विनोद ने उसे कैंट के चनेहटी गांव में मस्जिद के पास कमरे में रखा। किशोरी ने बताया कि महिला ने अपने गैंग के साथ मिलकर उसे देह व्यापार में झोंक दिया। बारादरी पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए रिया, बबली, विनोद, खलील खान, दुर्गावती, जसलीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। उसके बाद पुलिस ने दबिश देकर नेपाली महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया। किशोरी के परिजनों ने चौबेपुर थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बारादरी पुलिस ने उसके परिजनों को सूचना दे दी है।

**गैंग की मुखिया है बबली, ग्राहकों से बात करके सौदा करती थी तय:** पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि उनका एक गैंग बना हुआ है। जो होटल और रेस्टोरेंट में घंटों के हिसाब से लड़कियां उपलब्ध कराते है। गैंग की मुखिया बबली है। जो ग्राहकों से बात करके सौदा तय करती थी। जबकि लड़कियों को स्कूटी से लाने ले जाने का काम विनोद, खलील खान, जसलीन और दुर्गावती का होता था। जो लड़की के आसपास मौजूद रहते थे। बरामद किशोरी को भी बनारस की रहने वाली एक महिला से खरीदा गया था। आरोपियों ने बताया कि किशोरी को देह व्यापार में उतारने के बाद कमाई अच्छी हो रही थी।

**बालिग दिखाने के लिए आधार कार्ड में बदलवाई थी उम्र :** किशोरी के आधार कार्ड में जन्मतिथि 2011 थी, जिससे नाबालिग होने से उससे देह व्यापार नहीं करा पा रहे थे। उसके बाद गैंग की सरगना बबली ने किशोरी को बालिग दिखाने के लिए सुरेश शर्मा नगर चौराहा स्थित विनय कुमार जनसेवा केंद्र से आधार कार्ड में जन्मतिथि 2011 की जगह पर 2007 कराई थी। उसका फर्जी आधार कार्ड बनवाकर ग्राहकों को सौंपते थे, जबकि हकीकत में किशोरी की उम्र 15 साल ही है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी महिलाएं। ● अमृत विचार



हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

### होटलों में चलता था गोरखधंधा, पुलिस कसेगी शिकंजा

बारादरी पुलिस का दावा है कि पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों ने अब तक किशोरी को इज्जत नगर के मामा भांजा रेस्टोरेंट, बजरंग ढाबा के सामने स्थित ग्रीन एप्पल, सेटेलाइट के लिटिल क्राउन होटल, मूडी मून में ग्राहकों को किशोरी को सौंपते थे। कमाई का कुछ हिस्सा होटल संचालकों को भी मिलता था। कई होटल मालिक और मैनेजरों को भी मुकदमे में शामिल करके तलाश शुरू कर दी है।

### पड़ोसी महिला ने किशोरी को 50 हजार में बेचा

**सीबीगंज, अमृत विचार :** सीबीगंज में किशोरी को पड़ोसी महिला बाजार में सामान खरीदने की बात कहकर उसे अपने साथ ले गई। आरोप है कि इसके बाद 50 हजार दो युवकों को बेच दिया। किशोरी की मां ने तहरीर थाना सीबीगंज में दी। आरोप है कि थाना पुलिस ने उसकी तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं की। इस पर पीड़िता की मां ने एसएसपी के दरबार में न्याय की गुहार लगाई। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने उक्त महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सीबीगंज थाना क्षेत्र की भास्कर कालोनी मथुरापुर निवासी महिला का आरोप है कि 12 मार्च को पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे उसकी नाबालिग बेटी को पड़ोस में रहने वाली पिंकी बाजार से कुछ सामान खरीदने की बात कहकर ले गई थी। मगर उनकी बेटी वापस घर नहीं लौटी और उसका मोबाइल बंद जा रहा था। इसके बाद एक अन्य नंबर से कॉल आया। जिसमें उसकी बेटी बात करते हुए घबरा रही थी। महिला ने पिंकी के घर जाकर बेटी के बारे में पूछा तो वह गालीगलौज कर मारपीट पर उतारू हो गई। आरोप है कि फिर महिला ने कहा कि उसने उसकी बेटी को विक्की और देवेन्द्र के हाथ 50 हजार रुपये में बेच दिया है। इसके बाद वह सीबीगंज थाने पहुंची तो पुलिस ने उसे डांट कर भगा दिया। महिला ने एसएसपी अनुराग आर्य से शिकायत की, एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने पिंकी, देवेंद्र व विक्की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

### गैंग में बिजनौर से लेकर नेपाल तक के आरोपी

बारादरी पुलिस ने इस मामले में कैंट थाना क्षेत्र के चनहेटी निवासी बबली, फरीदपुर के कुइयां खेड़ा निवासी विनोद यादव, बिजनौर निवासी जसलीन कौर, नेपाल के कुमायत निवासी दुर्गालावती को मौके से गिरफ्तार किया है, जबकि वाराणसी निवासी रिया, चनहेटी निवासी खलील खान और सुरेश शर्मा नगर निवासी विनय के साथ विभिन्न होटल मालिक और मैनेजरों को मुकदमे में शामिल करके तलाश की जा रही है।

> नाबालिग लड़की से वेश्यावृत्ति कराने वाले गैंग के चार आरोपियों को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पीड़ता का फर्जी तरीके से संशोधित कराया हुआ आधार कार्ड और तीन मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> धनंजय पांडे, बारादरी थाना प्रभारी

# परीक्षा छूटने के बाद शहर हुआ जाम

- राहगीरों और अभ्यर्थियों ने झेलीं दुश्वारियां, पुलिस को करनी पड़ी कड़ी मशक्कत
- बरेली कॉलेज चौराहा, महादेव पुल, शहामतगंज क्षेत्र में रही सबसे ज्यादा दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** दरोगा भर्ती परीक्षा देकर अभ्यर्थियों के केंद्रों से बाहर आने के बाद शहर में जगह-जगह जाम लग गया, जिससे पेपर देने आए अभ्यर्थियों के साथ शहर के लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को भी कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवा मिला। रूट डायवर्जन भी काम नहीं आया।

परीक्षा को लेकर ट्रैफिक पुलिस की तरफ से शहर में बड़े वाहनों का प्रवेश दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है, लेकिन शनिवार को दोनों पालियों की परीक्षा छूटने के बाद शहर में जाम के हालात बन गए। बरेली कॉलेज चौराहे पर कई घंटे जाम लग रहा। इसके अलावा चौपुला पुल, महादेव पुल, शहामतगंज आदि जगहों पर भी परीक्षा छूटने के बाद जाम लग रहा। घंटों जाम में फंसकर बाहर से आए अभ्यर्थी और शहर के लोग परेशान होते रहे। ट्रैफिक पुलिस के साथ स्थानीय पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इसके बाद ही कई घंटे के बाद हालात सामान्य हुए।



बरेली जंक्शन पर अभ्यर्थियों की भीड़ के चलते ट्रेन में बैठने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ा।

### ट्रेनों में भी सीट पाने को लेकर रही मारामारी

रोडवेज ने दरोगा भर्ती परीक्षा के लिए कई बसों को लगाया था, लेकिन पहले दिन परीक्षा छूटने के बाद अभ्यर्थियों को बस के इंतजार में भटकना पड़ा। वहीं रेलवे की ओर से भी विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। अभ्यर्थियों की संख्या के आगे यह ट्रेनें नाकाफी काफी साबित हुईं। 10 ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी लगाए गए। इसके बाद भी ट्रेनों में मारामारी की स्थिति रही। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए बरेली जंक्शन पर जीआरपी और आरपीएफ के साथ सिविल पुलिस का भी सहयोग लिया गया।

## खाद्य पदार्थ मिले अधोमानक, कारोबारियों पर 9.87 लाख जुर्माना

**बरेली, अमृत विचार :** जिलेभर में 35 से ज्यादा खाद्य पदार्थों के भरे गए नमूने जांच में अधोमानक, गुणवत्ता खराब मिलने के बाद न्यायालयों ने कड़ी कार्रवाई की। एडीएम सिटी कोर्ट ने 35 मामलों में कारोबारियों पर 987000 रुपये का जुर्माना लगाया है। जबकि अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) ने तीन मामलों में जुर्माना लगाया है। इन खाद्य पदार्थों के नमूने विभिन्न त्योहारों पर भरे गए थे।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम) ने फरवरी में दर्ज हुए अपमिश्रण निवारण अधिनियम के अन्तर्गत विचाराधीन परिवादों में से चार में फैसला सुनाया है। राजेन्द्र पर 3000, सुकियान पर 3500, ओमकार पर 3000 रुपये का जुर्माना लगाया। जबकि एक अन्य वाद में अभियुक्त नन्हें को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया। अपर जिलाधिकारी (नगर) की कोर्ट ने विचाराधीन परिवादों में से 35 वादों में निर्णय सुनाते हुए कारोबारियों पर 987000 रुपये का जुर्माना लगाया।

## देहात क्षेत्र की सड़कों पर दौड़ेंगी बसें, परमिट की अनिवार्यता खत्म

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- परिवहन निगम ने 28 तक मांगे आवेदन, ब्लॉक और तहसील स्तर पर होगा प्रचार

**अमृत विचार :** शासन की महत्वाकांक्षी ''मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना 2026'' को धरातल पर उतारने के लिए परिवहन निगम ने कमर कस ली है। क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक चौधरी ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बरेली, बदायूं और पीलीभीत डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को तत्काल जिलाधिकारी से संपर्क कर अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

क्षेत्रीय प्रबंधक के मुताबिक योजना में ग्रामीण अंचलों और ग्राम पंचायतों के नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने के लिए संचालित होने वाले वाहनों को ''परमिट की अनिवार्यता'' से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। मोटर यान अधिनियम के तहत किए गए इस संशोधन से अब ग्रामीण रूटों पर बसें और अन्य वाहन बिना किसी कानूनी अड़चन के दौड़ सकेंगे। योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया 13 से शुरू हो चुकी है, जो 28 मार्च तक चलेगी। इच्छुक आवेदकों की सहायता के लिए बस स्टेशनों, तहसील और ब्लॉक स्तर पर विशेष प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक डिपो स्तर पर दो से तीन कर्मियों की विशेष टीम बनाकर आवेदनों का पंजीकरण किया जाए और आवेदकों को मौके पर ही रसीद उपलब्ध कराई जाए। इसकी रिपोर्ट प्रतिदिन शाम पांच बजे मुख्यालय को भेजी जाएगी। चेताया कि योजना के संचालन में किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### उठाया कदम

**साहू गोपीनाथ से स्टेट बैंक तक बिछ गई हॉट मिक्स सड़क, दो दिन में काम पूरा होने का दावा**

# राहत : श्यामगंज की गल्ला मंडी को धूल के गुबार से मिलेगी मुक्ति

अमृत विचार IMPACT

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर की प्रमुख व्यावसायिक धड़कन कही जाने वाली श्यामगंज गल्ला मंडी के कारोबारियों को धूल के गुबार से निजात मिलने वाली है। पिछले दो महीनों से धूल और जानलेवा गड्ढों की मार झेल रहे व्यापारियों और राहगीरों की समस्या को 'अमृत विचार' ने ''श्यामगंज मंडी : जहां होनी चाहिए रौनक, वहां धूल और गड्ढे'' शीर्षक के साथ प्रमुखता से उठाया तो अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया और सड़क निर्माण का कार्य शुरू करा दिया है। कारोबारियों की समस्या को समझते हुए सड़क का निर्माण रात में कराया जा रहा है। साहू गोपीनाथ कॉलेज से एसबीआई की श्यामगंज शाखा तक हाटमिक्स सड़क बनाने का काम पूरा कर लिया है।

सड़क की यह दुर्दशा बीते जनवरी माह में शुरू हुई थी, जब इंदौर में दूषित पानी से हुई मौतों के बाद नगर निगम के जलकल विभाग ने शहर की पुरानी और जर्जर पाइपलाइनों को बदलने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में साहू गोपीनाथ कॉलेज से फ्लाईओवर तक करीब 1200 मीटर नई पाइपलाइन बिछाई गई थी। जलकल विभाग ने पाइपलाइन डालने के 15 दिनों के भीतर सड़क को पूर्ववत करने का दावा किया था, लेकिन हकीकत में दो महीने बीत जाने के बाद भी सड़क को लावारिस छोड़ दिया गया। होली के प्रमुख त्योहार पर भी सड़क की बदहाली के कारण व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। गड्ढों और उड़ती धूल के कारण ग्राहक मंडी आने से कतराने लगे थे, जिससे इस प्रमुख कारोबारी केंद्र का टर्नओवर काफी गिर गया था। व्यापारियों का कहना था कि सड़क के ऊबड़-खाबड़ होने से आए दिन राहगीर चोटिल हो रहे थे। चूंकि पूरा शहर अनाज और किराने की जरूरतों के लिए इसी मंडी पर निर्भर है, इसलिए यहां की अव्यवस्था का असर पूरे शहर की सप्लाई चेन पर पड़ रहा था। अब निर्माण कार्य शुरू होने से दुकानदारों में उम्मीद जगी है कि धूल से होने वाली बीमारियों और दुर्घटनाओं से जल्द निजात मिल जाएगी। व्यापारियों ने 'अमृत विचार' का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मीडिया के हस्तक्षेप के बाद ही सो रहे प्रशासन ने सुध ली है।



श्यामगंज में रात में बनाई गई हॉटमिक्स सड़क। ● अमृत विचार

- ग्राहकों की भीड़ के चलते ठेकेदार ने रात में शुरू कराया निर्माण व्यापारियों ने जताया आभार



दो महीने से हम लोग धूल फांक रहे थे और सामान गंदा हो रहा था। ग्राहक दुकान के बाहर गड्ढा देखकर ही लौट जाता था। अब कम से कम सड़क बननी शुरू हुई है, तो उम्मीद है कि कारोबार फिर से पटरी पर लौटेगा। रात में काम होना भी अच्छी बात है ताकि गल्ला मंडी का काम प्रभावित न हो।

**-कुशाग्र अग्रवाल**, व्यापारी



साहू गोपीनाथ से सड़क बनना शुरू हो गई है, यह देखकर राहत मिली। पिछले दो महीने हमारे लिए किसी सजा से कम नहीं थे। गल्ला मंडी शहर की रीढ़ है, यहां सड़क खराब होने का मतलब है पूरे शहर की सप्लाई प्रभावित होना। हम चाहते हैं कि जल्द से सड़क निर्माण का काम पूरा हो।

**- प्रतुल अग्रवाल**, व्यापारी



होली का पूरा सीजन खराब हो गया। जलकल विभाग ने तो सड़क को नरक बना दिया। दिनभर धूल उड़ने से सांस लेना मुश्किल था। अब जब काम शुरू हुआ है, तो प्रशासन को इसकी गुणवत्ता भी देखनी चाहिए। ऐसा न हो कि पहली बारिश में ही सड़क फिर से उखड़ जाए और मुसीबत बढ़ जाए।

**- अनिल तिवारी**, व्यापारी



मैं रोजाना इसी रास्ते से क्लिनिक जाता हूं। पिछले दो महीनों में मेरी बाइक के टायर और कमर दोनों जवाब दे गए थे। धूल के गुबार की वजह से आंखों में जलन और कपड़ों का बुरा हाल रहता था। अब सड़क पर डामर बिछता देखकर सुकून मिला है। अब गड्ढों से बचकर गाड़ी नहीं चलानी पड़ेगी।

**-दीपक**, नौकरीपेशा

## मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर संवारा जा रहा शहर

- शहर में सफाई व अन्य कार्यों को दुरुस्त कर रहा निगम

**बरेली, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर नगर निगम शहर की सूरत संवारने के लिए सफाई व्यवस्था से लेकर सौंदर्यीकरण के कार्यों में जुट गया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर विशेष टीमों का गठन किया गया है, जो सड़कों की मरम्मत और डिवाइडरों की पेंटिंग के कार्य में लगी हैं।

बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को ठीक किया जा रहा है, ताकि मुख्यमंत्री के आगमन के समय शहर पूरी तरह रोशन नजर आए। साथ ही मुख्य मार्गों पर लगे अवैध होर्डिंग्स और अतिक्रमण को हटाने के लिए भी विशेष अभियान चलाए जाने की बात कही गई है।

## सिटी ब्रीफ

### बदमाशों ने महिला से पर्स व मोबाइल लूटा

**बरेली, अमृत विचार** : दवा लेकर लौट रही महिला से बाइक सवार बदमाश पर्स और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। मामले में सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सुभाषनगर थाना क्षेत्र के नवजीवन सोसाइटी करगैना बदायूं रोड निवासी एकता शर्मा ने बताया कि 12 मार्च की रात वह सहेली आसी के साथ दवा लेकर घर लौट रही थी। जब वह पराग फैक्ट्री के पास पहुंचीं, तभी बाइक सवार दो युवक उनके पास आए और झपट्टा मारकर हाथ से मोबाइल फोन और पर्स छीनकर फरार हो गए। बताया कि पर्स में करीब 2000 रुपये थे। सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर बच्ची घायल

**बरेली, अमृत विचार** : पतंग उड़ाते समय छत से गिरकर पांच साल की बच्ची घायल हो गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना बारादरी क्षेत्र के सिकलापुर निवासी कुसुम ने बताया कि उनकी बेटी कशिश शनिवार सुबह भाई के साथ घर की छत पर पतंग उड़ा रही थी। अचानक संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर गई और बेहोश हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे।

### होटल में तोड़फोड़ व संचालक से मारपीट

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी क्षेत्र में एक होटल संचालक ने पड़ोसी पर शराब के नशे में होटल में तोड़फोड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के चंदपुर निवासी अर्जुन सिंह ने बताया कि वह संजय नगर रोड स्थित होटल ग्रीन एप्पल चलाते हैं। बताया कि होटल राजीव राणा से तीन साल के लिए किराये पर लिया है। आरोप है कि 11 मार्च की रात करीब 10 :30 बजे पड़ोस में रहने वाले गोरी शंकर शराब के नशे में होटल में आ गए और रॉड से दरवाजे के शीशे, कंप्यूटर, मेज और बाथरूम समेत कई सामान में तोड़फोड़ कर दी।

# दरोगा भर्ती परीक्षा में पूछा, पुलिस का सबसे बड़ा अधिकारी कौन

## आसान पेपर आने से अभ्यर्थी नजर आए खुश, शहर के सभी 19 केंद्रों पर परीक्षा से पहले तीन चरणों में सख्त चेकिंग हुई, कड़ी निगरानी रही

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** कड़ी पुलिस सुरक्षा में शहर के 19 केंद्रों पर शनिवार को दो पालियों में दरोगा भर्ती परीक्षा आयोजित की गई। इसमें सामान्य ज्ञान के सवाल सरल आए। गणित के सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाया। दोनों पालियों में 4152 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं, अभ्यर्थी सरल पेपर देखकर खुश नजर आए। परीक्षा केंद्र से बाहर वह मुस्कुराते हुए निकले।

पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से पहले पाली में कड़ी निगरानी में शुरू हुई। सभी परीक्षा केंद्रों पर तीन चरणों में सख्त चेकिंग की गई। गेट पर घुसते ही जूते-मोजे भी उतरवा दिए गए। इसके बाद बायोमेट्रिक सत्यापन किया गया। जिले में सबसे बड़ा केंद्र बरेली कॉलेज रहा। जहां 5 केंद्र निर्धारित किए गए, इसके अलावा जीजीआईसी, जीआईसी, इस्लामिया इंटर कॉलेज सहित अन्य जगहों पर भी परीक्षा आयोजित की गई, दूसरी पाली 3 बजे से शाम 5 बजे तक रही। परीक्षा देकर बाहर आए अभ्यर्थियों ने कहा कि दरोगा भर्ती परीक्षा में सवाल पूछा गया कि यूपी पुलिस का सबसे बड़ा अधिकारी कौन है। लोकसभा का कार्यकाल कितना होता है। जनरल नॉलेज के आसान सवालों से अभ्यर्थी खुश नजर आए, हालांकि गणित के सवालों से अभ्यर्थी को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हिन्दी के एक सवाल के उत्तर के विकल्प को लेकर विवाद भी खड़ा हो गया है।

**4 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा** : पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा की पहली पाली में 8160 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन उसमें से 6047 अभ्यर्थी शामिल हुए। ऐसे में पहली पाली में 2113 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह दोपहर 3:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक हुई दूसरी पाली में 8160 अभ्यर्थियों को शामिल होना था, लेकिन उसमें से 6121 अभ्यर्थी ही शामिल हुए। दूसरी पाली में कुल 2039 अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी।


दरोगा भर्ती परीक्षा देकर बरेली कॉलेज से बाहर आते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार



### जिलाधिकारी ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया

**बरेली** : जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने एडीएम सिटी सौरभ दुबे के साथ पुलिस भर्ती परीक्षा के कई केंद्रों का निरीक्षण किया। बिशप मंडल इंटर कालेज, इस्लामिया इंटर कालेज, साहू गोपीनाथ इंटर कॉलेज में बनाए परीक्षा केंद्र में व्यवस्थाएं परखीं। सभी परीक्षार्थी शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देते हुए पाए गए। डीएम ने कंट्रोल रूम आदि के माध्यम से भी कक्षों का निरीक्षण किया। सभी कैमरे संचालित पाये गये। परीक्षा नकलविहीन सम्पन्न कराने के निर्देश दिए।

### सवाल ज्यादा कठिन नहीं थे


पेपर बहुत आसान आया। समय पर आसानी से पेपर पूरा हो गया। सरल सवाल होने से मेरिट ऊपर जाने की उम्मीद है। - **मोनिस खान**, कासगंज


पेपर सामान्य रहा। समय से पहले ही हल कर दिया। पेपर से पहले घबराहट थी, लेकिन पेपर देखकर दूर हो गई। - **संजीव**, मुरादाबाद


जनरन नॉलेज के सवाल काफी आसान आए, लेकिन गणित ने काफी उलझा दिया। उसके बाद भी पेपर सामान्य रहा। - **विनोद**, संभल


पेपर काफी सरल और आसान रहा, जिससे दो घंटे से पहले ही पेपर कर दिया। पेपर में सरल सवाल पूछे गए थे। - **चंदन सिंह**, अमरोहा

### केंद्रों पर सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम, आज भी दो पालियों में आयोजित की जाएगी भर्ती परीक्षा

परीक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की तरफ से काफी सतर्कता बरती गई। परीक्षा केंद्रों के अलावा शहर में काफी जगह पर पुलिस फोर्स को तैनात किया गया था। परीक्षा के लिए बनाए गए मजिस्ट्रेट भी लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। इसके अलावा पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी परीक्षा की निगरानी करते रहे। शहर में कहीं भी किसी तरीके की नकल से संबंधित कोई मामला सामने नहीं आया। शहर में रविवार को भी दो पालियों में दरोगा भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### अग्निवीर भर्ती परीक्षा : 888 युवाओं ने लगाई उम्मीदों की दौड़, 717 हुए सफल

- सफल अभ्यर्थियों का रविवार को होगा चिकित्सा परीक्षण
- जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में चल रही भर्ती रैली



**बरेली, अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली में शनिवार को 888 युवाओं ने दौड़ लगाई, जिसमें 717 सफल हुए। इन अभ्यर्थियों को अगले चरण के लिए रविवार को चिकित्सा परीक्षण के लिए बुलाया गया है। दो जिलों शाहजहांपुर और सीतापुर के अभ्यर्थियों ने दौड़ में हिस्सा लिया। सेना भर्ती कार्यालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया गया। भर्ती रैली के समय जाट रेजिमेंट के सामने नकटिया रोड को वन-वे कर दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए यहां दो प्लाटून पीएसी के साथ पुलिस और ट्रैफिक पुलिस तैनाती की गई है। जंक्शन और बस अड्डों से भर्ती देखने आ रहे युवाओं को आसानी से जाट रेजिमेंट तक पहुंचने के लिए ई-बसों को भी लगाया गया है। आसपास के जिलों से तमाम युवा अपने साधनों से भी भर्ती में हिस्सा लेने पहुंचे।

### दौड़ में अभ्यर्थी का पैर टूटा, अस्पताल में भर्ती

**बरेली, अमृत विचार** : जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में शनिवार को अग्निवीर भर्ती के दौरान दौड़ लगाते समय युवक अचानक गिर गया, जिससे उसका दाया पैर टूट गया। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला शाहजहांपुर के थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव रावतपुर निवासी शौर्य मिश्रा ने उपचार के दौरान बताया कि वह शनिवार की सुबह जाट रेजिमेंट केंद्र परिसर में अग्निवीर भर्ती में शामिल होने के लिए पहुंचे थे। वह अन्य अभ्यर्थियों के साथ दौड़ लगा रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ गया और वह तेज दौड़ के बीच ही ग्राउंड में गिर गए, जिससे दाएं पैर में फ्रैक्चर हो गया। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। साथ ही परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है।



### मां के डाटने के बाद दो बहनें लापता

- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की तलाश

**सीबीगंज, अमृत विचार** : खेत पर मां ने दो बेटियों को डांट दिया। दोनों घर जाने की बात कहकर वहां से निकलीं, मगर घर नहीं पहुंचीं। मां ने खोजबीन की, मगर उनका पता नहीं चला। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर दोनों बहनों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव आजमपुर वलरऊ निवासी एक महिला ने बताया कि वह 11 मार्च को अपने खेत पर दो बेटियों के साथ भिंडी की फसल की नराई करने गई थी। उनकी बेटियां काम नहीं कर रही थीं। इसपर उन्होंने दोनों बेटियों को डांट दिया। दोनों घर जाने की बात कहकर खेत से चली आईं। जब वह घर पहुंचीं तो पता चला कि उनकी बेटियां घर नहीं पहुंची थीं। उन्होंने रिश्तेदारियों में उनकीतलाश की, मगर उनका कोई पता नहीं चला। महिला ने दोनों बेटियों के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज की है।

### कुकर फटने से महिला और 3 बच्चे झुलसे, एक गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : खाना बनाते समय कुकर फटने से महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। परिवार का दावा है कि रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिलने पर मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। इसी दौरान हादास हो गया।

कैंट थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम उनकी पत्नी नन्ही देवी मिट्टी के चूल्हे पर उड़द-राजमा बना रही थीं। बच्चे भी पास में ही बैठे हुए थे। अचानक कुकर फट गया, जिससे बेटा कार्तिक, बेटी नेहा, देवांश और नन्ही देवी झुलस गए। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में कार्तिक गंभीर रूप से झुलस गया है और उसका पूरा शरीर जल गया है। उसे जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं नेहा, देवांश और नन्ही देवी को हल्की चोटें आई हैं।


जिला अस्पताल में भर्ती बच्चा।

- मिट्टी के चूल्हे पर कुकर में पकाये जा रहे था उड़द-राजमा
- गंभीर बच्चे का जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में चल रहा इलाज

#### नहीं मिल रहा था सिलेंडर, चूल्हे पर बन रहा खाना

राम सिंह ने बताया कि पिछले 10 दिनों से गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है। सिलेंडर बुक कराने के लिए लंबी लाइन में लगना पड़ता है, इसके बावजूद सिलेंडर नहीं मिल पा रहा था। मजबूरी में उनकी पत्नी ने मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना शुरू किया था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

### सीबीगंज में घर में घुसकर हमला भाई-बहन घायल

**सीबीगंज, अमृत विचार** : मोहल्ले की कुछ महिलाओं से बिना वजह झूठी अफवाह फैला कर गलत बातें करने से मना किया तो कुछ लोगों ने घर में घुसकर हमला कर दिया, जिससे भाई और बहन घायल हो गए। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर सीबीगंज पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सनौआ निवासी जिशान खां ने बताया कि वह गत 12 मार्च को अपरान्ह में करीब चार बजे अपने मोहल्ले से गुजर रहा था। इसी दौरान मुहल्ले की कुछ महिलाएं बैठकर झूठी अफवाह फैलाकर गलत बातें कर रही थीं। झूठी अफवाह फैलाने से मना कर वह अपने घर चला गया। तभी गांव के ही इलियास उर्फ पप्पू, परवेज, राशिद, असद, लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए। उस दौरान वह अपनी मासूम बेटी को गोद में खिला रहा था। घर में घुसते ही चारों ने हमला कर दिया। बच्ची गोद से छिटक कर जमीन पर गिर गई। उसे बचाने आई बहन की भी पिटाई कर दी, जिससे सभी घायल हो गए।

### पहचान छिपाकर घर आना शुरू किया, महिला से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज

- पीड़िता के घर में पढ़ने लगा नमाज, महिला पर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव
- आरोपी ने वीडियो भी बनाई, दो समुदाय के बीच हालात तनावपूर्ण रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार** : अपना आनंद नाम बताकर इकरार ने दूसरे समुदाय की महिला के घर आना-जाना शुरू किया। जब उसके आने-जाने का विरोध कर रोक लगाने की कोशिश की गयी तो इकरार ने घर में जबरन घुसकर महिला की बहन के साथ दुष्कर्म किया। महिला की बहन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव में दो समुदायों के बीच हालत तनावपूर्ण बने हैं।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के मुताबिक उसका व उसकी बहन का घर एक ही है, दोनों घरों के बीच में एक दीवार बनी हुई है, जिसमें एक गेट बना हुआ है, रिपोर्ट लिखाने वाली महिला के मुताबिक उसकी बहन के पति की करीब सात माह पूर्व मौत हो चुकी है। उसकी बहन के घर अपना नाम आनंद बताने वाला युवक आए दिन आता जाता था, उसकी बहन की गैर मौजूदगी में भी वह पूरे दिन अकेले घर में रहता था। पिछले साल 18 दिसंबर को वह घर में अकेली थी, इसी दौरान अपना नाम आनंद बताने वाला इकरार घर में घुस आया और बुरी नीयत से दबोच लिया। उसके साथ दुराचार कर अश्लील वीडियो बना ली। अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर कई बार में उससे 39 हजार रुपए वसूले। एक दिन शाम करीब 6 बजे आरोपी इकरार घर में अकेले आया और नमाज पढ़ने लगा।

पीड़िता ने विरोध किया तो उसने कहा कि वह सभी धर्मों को मानता है, उसका नाम इकरार है। आरोपी ने पीड़िता पर भी धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाया। इसके बाद पीड़िता ने यह बात अपनी बहन को बताई, लेकिन उसने सच नहीं माना। महिला की बहन ने अपने पड़ोसियों को पूरी बात बताई, जिसके बाद 12 मार्च को आरोपी युवक फिर उसके घर आया तो पड़ोसियों ने उसे पकड़ लिया। इसके बाद से गांव में दोनों समुदाय के बीच तनाव है। पुलिस ने महिला की बहन की तहरीर पर आरोपी इकरार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### 10 घरों में पकड़ी बिजली चोरी, आरोपियों पर रिपोर्ट


शहर में चेकिंग अभियान चलाती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अधीक्षण अभियंता के निर्देश पर शहर में चला अभियान

**अमृत विचारः** शहरी क्षेत्र में शनिवार सुबह अधीक्षण अभियंता धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश पर मार्निंग रेड अभियान चलाया गया। जिसमें 10 घरों से 30 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। आरोपियों के खिलाफ एंटी पावर थेफ्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

टीम ने शहर में मौर्या कॉलोनी, मिनी बाईपास के पास, प्रेम नर्सरी, सैदपुर हॉकिन्स रोड, अशरफ खां छावनी, शैलेन्द्र नगर, मीरा की पैठ, एजाज नगर गौटिया, जगतपुर, जसोली समेत कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 10 उपभोक्ता अपने परिसर पर इनकमिंग केबल के अलावा अतिरिक्त केबल डालकर सीधे बिजली चोरी करते पकड़े गए। मौके पर लगभग 30 किलोवाट की विद्युत चोरी सामने आई।

### भाई से विवाद के बाद खाया जहरीला पदार्थ

**बरेली, अमृत विचार** : रोजा खोलने को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। एक भाई ने गुस्से में आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीबीगंज थाना क्षेत्र के कांशीराम कॉलोनी निवासी समीर (19) ने बताया कि शुक्रवार को रोजा था। रोजा खोलते समय उसके छोटे भाई फखर हुसैन ने खजूर खा ली, जिसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से में समीर घर से बाहर चला गया। उसने बाहर जाकर जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जानकारी होने पर रिश्तेदारों ने उसे तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार युवक की हालत नाजुक बनी हुई है।

### साइबर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**बरेली, अमृत विचार** : ठगी करने वाले को साइबर क्राइम की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से आधार कार्ड और डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं।

साइबर क्राइम टीम के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि 22 अक्टूबर 2025 को साइबर क्राइम थाने पर एक मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसके बाद पुलिस ने सीबीगंज थाना क्षेत्र के स्लीपर रोड निवासी जुबैर को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह साइबर ठगों के गिरोह का सक्रिय सदस्य है। वह सीधे-साधे लोगों को पैसे का लालच देकर उनके आधार कार्ड में पता बदलवाकर बैंक खाता खुलवाता था। उसके बाद खुलवाए गए बैंक खातों को अपराधियों को उपलब्ध कराता था। इससे पुलिस को खाताधारक का पता तस्दीक करने में दिक्कत होती थी। आरोपी ने बताया बैंक खाते से लिंक मोबाइल नंबर का क्यूआर कोड बनाकर अपने गिरोह के अन्य सदस्यों को भेजता था, जिससे उसे अकाउंट का सारा कंट्रोल गिरोह के अन्य सदस्य के पास चला जाता था। इस काम के लिए आरोपी को 15 फीसदी कमीशन मिलती थी। आरोपी ने बताया कि पुलिस किसी खाते को ब्लॉक करती तो उसका डेबिट कार्ड व सिम निकाल कर फेंक देता था। आरोपी के पास से मोबाइल फोन, कलर आधार कार्ड, तीन अन्य आधार कार्ड की फोटो कॉपी के अलावा दो डेबिट कार्ड बरामद हुए हैं।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

- आधार और डेबिट कार्ड बरामद साइबर क्राइम की टीम ने की कार्रवाई
- लोगों को लालच देकर आधार कार्ड लेकर बैंक में खुलवाता था खाता

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

# गैस की कालाबाजारी, ओवर रेटिंग जांचने के लिए मारे छापे

## गैस एजेंसियों पर ताबड़तोड़ छापेमारी से संचालक हलकान, अफसरों ने एजेंसियों पर ऑनलाइन स्टॉक देख गोदामों पर रखे सिलेंडरों से किया मिलान

- सिलेंडर की कालाबाजारी और ओवर रेटिंग करते पकड़े जाने पर होगी एफआईआर
- वृद्ध महिला या पुरुष उपभोक्ता के घर पर सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था करें एजेंसियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली


गैस एजेंसी का निरीक्षण कर बुकिंग करने पहुंचे उपभोक्ताओं से बातचीत करते डीएम।


गैस एजेंसी के गोदाम का निरीक्षण करते एडीएम, डीएसओ व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद की गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस का भंडारण है, इसके बावजूद गैस संकट को लेकर हल्ला मचा है। गैस की कालाबाजारी या ओवर रेटिंग की हकीकत परखने के लिए डीएम अविनाश सिंह सहित एडीएम एफआर, एडीएम सिटी, एसडीएम व डीएसओ आदि अफसरों ने गैस एजेंसियों पर छापेमारी की। गैस एजेंसियों में ऑनलाइन स्टॉक देखने के बाद उसका गोदाम के स्टॉक से मिलान किया। कहीं कोई गड़बड़ी नहीं मिली। डीएम ने गैस एजेंसी पर सिलेंडर बुकिंग कराने वाले उपभोक्ताओं से भी संकट को लेकर बातचीत की, लेकिन सभी ने गैस मिलने की बात कही।

डीएम का कहना है कि जनपद की सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त मात्रा में गैस का भंडारण है। लगभग सभी एजेंसियों पर दो दिन में अधिकारियों ने स्टॉक चेक कर लिया है। शुक्रवार को सभी एजेंसियों पर एसडीएम, सीओ, बीडीए, इंस्पेक्टर आदि अफसरों ने जांच की। शनिवार को सभी एडीएम, डीएसओ, सीओ आदि अफसरों ने एजेंसियों और गोदामों के स्टॉक का मिलान कराया है। डीएम ने कहा कि उपभोक्ताओं को गैस मिल रही है। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि कोई वृद्ध महिला या पुरुष उपभोक्ता बुकिंग कराने आते हैं तो उनके घर पर सीधे सिलेंडर पहुंचाने की व्यवस्था करें।

डीएम ने एडीएम सिटी सौरभ दुबे के साथ इंडेन और एचपी की एजेंसियों का निरीक्षण किया। इधर, एडीएम फाइनेंस संतोष कुमार सिंह ने पीलीभीत बाईपास रोड स्थित लता इंडियन गैस, शहामतगंज स्थित मलका इंडियन गैस सर्विस, हार्ट मन कॉलेज रोड स्थित रुहेलखंड इंडेन गैस का निरीक्षण किया। गोदाम भी चेक किए। गोदाम पर मौजूद गैस सिलेंडर के स्टॉक का गैस एजेंसी से प्राप्त ऑनलाइन स्टॉक से सत्यापन किया। सत्यापन में स्टॉक सही मिला। एडीएम ने एजेंसी संचालकों से कहा है कि यदि गैस एजेंसी के विरुद्ध ओवर रेटिंग संबंधी कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो एजेंसी के विरुद्ध आवश्यक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार सिंह और आपूर्ति लिपिक आशीष कुमार मौजूद रहे।

### नावल्टी का शमा और राम भरोसे की चाट बंद

**बरेली :** शहर में गहराते गैस संकट ने अब आम आदमी की रसोई के साथ-साथ शहर की प्रसिद्ध होटल इंडस्ट्री की कमर तोड़ दी है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने से नामी रेस्टोरेंट भी बंद होने लगे हैं। नावल्टी चौराहा स्थित शमा रेस्टोरेंट पिछले चार दिनों से बंद है। रेस्टोरेंट संचालक शादाब ने बताया कि बिना गैस के काम करना काफी मुश्किल है। मजबूरी में लकड़ी का इस्तेमाल किया तो धुएं की वजह से ग्राहकों ने बैठना छोड़ दिया। यही हाल राम भरोसे की प्रसिद्ध चाट की दुकान का भी है। दुकानदार ने बताया कि सिलेंडर न मिलने की वजह से उन्हें दुकान पर ताला लटकाना पड़ा है।

### लता इंडेन गैस गोदाम पर स्टॉक रजिस्टर भरा नहीं मिला

लता इंडेन गैस के गोदाम पर स्टॉक रजिस्टर भरा नहीं पाया गया। इसके लिए गैस एजेंसी के स्वामी को नोटिस जारी किया जा रहा है। अन्य निरीक्षण में मौके पर कोई अनियमितता नहीं पाई गई। एजेंसी मालिक एवं मैनेजर को निर्देशित किया कि ऐसी व्यवस्था बनाएं कि उपभोक्ताओं में गैस से संबंधित कोई भ्रांति न हो। सिलेंडर की बुकिंग प्राप्त होने पर जल्द उपभोक्ताओं को गैस की रीफिल उनके घर डिलीवर कराएं।

### कई होटल-रेस्टोरेंट की रसोई पड़ी ठंडी

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में बने गैस संकट का असर अब रेस्टोरेंट और होटलों की रसोई तक पहुंच गया है। गैस एजेंसियों पर जहां घरेलू उपभोक्ता सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में खड़े दिखाई दे रहे हैं, वहीं होटल और रेस्टोरेंट संचालकों को कमर्शियल सिलेंडर महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है। कई संचालकों का कहना है कि 800 से 1000 रुपये तक अधिक कीमत पर सिलेंडर मिलने की वजह से उन्हें खाने के दाम भी बढ़ाने पड़े हैं। शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र के रेस्टोरेंट संचालक ने बताया कि पहले जहां कॉमर्शियल सिलेंडर समय पर मिल जाता था, वहीं अब एजेंसी पर कई बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मजबूरी में बाजार से महंगे दाम पर गैस लेनी पड़ रही है, जिससे लागत बढ़ गई है। स्टेशन रोड पर रेस्टोरेंट चलाने वाले युवक ने बताया कि गैस न मिलने से कामकाज प्रभावित हो रहा है। दो दिन से सिलेंडर नहीं मिला तो उन्हें लकड़ी की भट्टी जलानी पड़ी। इससे खाना बनाने में समय भी ज्यादा लग रहा है और मेहनत भी बढ़ गई है। इज्जतनगर के होटल संचालक फैसल खान का कहना है कि गैस संकट का सीधा असर ग्राहकों पर पड़ रहा है। कॉमर्शियल सिलेंडर महंगा मिलने से कई खाने की चीजों के दाम बढ़ाने पड़े हैं। ग्राहक भी सवाल कर रहे हैं, लेकिन हमारे पास कोई विकल्प नहीं है। कुतुबखाना क्षेत्र के रेस्टोरेंट संचालक संजय अग्रवाल ने बताया कि गैस आपूर्ति सामान्य नहीं होने से छोटे रेस्टोरेंटों पर सबसे ज्यादा असर पड़ा है। कुछ छोटे ढाबे तो दोपहर में ही बंद कर दे रहे हैं। गैस संकट का असर लकड़ी और कोयले के कारोबार पर भी दिखाई दे रहा है। लकड़ी व्यापारी नसीम अली ने बताया कि पिछले दो दिनों में होटल और ढाबों से लकड़ी की मांग अचानक बढ़ गई है। कई लोग भट्टी जलाने के लिए लकड़ी खरीद रहे हैं।



## सिटी ब्रीफ

### दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस का हुआ समापन

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टैक्नोलॉजी में एआई एण्ड सस्टेनेबल एप्रोचेस फॉर रिड्यूसिंग कार्बन फुट प्रिंट विषय पर चल रही दो दिवसीय इंटरनेशनल कान्फ्रेंस का समापन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों व शोधार्थियों ने निष्कर्ष स्वरूप पब्लिक हैल्थ, सुरक्षा, शिक्षा एवं उत्पादन जैसे क्षेत्रों में मानव-मशीन सहयोग से सुलभ और सुगम इकोसिस्टम निर्माण की सम्भावना व्यक्त की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि संस्थान के चेयरमैन राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि एआई आधारित भविष्य के इकोसिस्टम में डेटा गोपनीयता के साथ नैतिकता बनाये रखना एक चुनौती रहेगी। साथ ही अत्यधिक निर्भरता से मानवीय क्षमताओं में कमी जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श को आवश्यक बताया।। शोध पत्रों में डॉ0 सुमन जोशी, अनामिका गंगवार, प्रियंका भटनागर, शुभम वर्मा ने शोध पत्र पेश किये।

### सपा महानगर महासचिव दीपक शर्मा की पत्नी का निधन

**बरेली, अमृत विचार :** सपा महानगर महासचिव पंडित दीपक शर्मा की पत्नी स्वाति शर्मा का शनिवार को निधन हो गया। वह शहर के एक निजी अस्पताल में कई दिन से भर्ती थीं। सूचना मिलने पर महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, पूर्व जिलाध्यक्ष शुभलेश यादव, आशोक यादव, लल्ला यादव, दिनेश यादव, प्रमोद बिष्ट, हरिशंकर, संजीव सक्सेना, हसीब खान, हरिओम प्रजापति, राजेश मौर्य आदि अस्पताल और उनके निवास पर पहुंचे। नेताओं ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि स्वाति शर्मा की अंत्येष्टि रविवार सुबह 11 बजे सिटी श्मशान भूमि पर की जाएगी।

### यूनियन बैंक ने रोमांचक मुकाबले में पंजाब नेशनल बैंक को हराया

**बरेली, अमृत विचार :** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और पंजाब नेशनल बैंक के बीच शनिवार शाम निशांत स्टेडियम में मैत्री क्रिकेट मैच हुआ, जिसमें यूनियन बैंक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। पंजाब नेशनल बैंक की टीम ने 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 145 रन बनाए। टीम की ओर से चंदन गिरी और देवेंद्र गर्ग ने 29-29 रन की महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। यूनियन बैंक की तरफ से विकास सिंह रावत ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 3 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी यूनियन बैंक की टीम ने 19 .2 ओवर में लक्ष्य प्राप्त कर लिया। टीम के ओपनर मौसम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मात्र 25 गेंदों पर 41 रन बनाकर जीत की नींव रखी। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए विकास सिंह रावत को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। विजेता टीम को पुरस्कार यूनियन बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख बृजेश कुमार तिवारी ने दिए।

### उमरा से लौटे असजद मियां, आज पहुंचेंगे शहर

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह ताजुश्शरिया के सज्जादानशीन मुफ्ती असजद मियां सऊदी अरब से उमरा करके वापस आ गए हैं। उनकी फ्लाइट शनिवार तड़के मुंबई पहुंची। उनके स्वागत के लिए आला हजरत-ताजुश्शरिया के चाहने वालों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जमात रजा-ए-मुस्तफा के महासचिव फरमान हसन खान के मुताबिक, सज्जादानशीन की तय वक्त पर वापसी ने उन अफवाहों को खारिज कर दिया, जो उनके बारे में सोशल मीडिया पर आम की गई थीं। आला हजरत घराने के बुजुर्ग मुफ्ती असजद मियां फरवरी में उमरा करने सऊदी अरब गए थे। पिछले दिनों सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चाएं चलीं कि सज्जादानशीन को सऊदी पुलिस ने डिटेन कर लिया है, क्योंकि बिना अनुमति आयोजित कार्यक्रम में काफी भीड़ जुट गई थी।

## आधे दिन चली ओपीडी, भटकते रहे मरीज

**बरेली, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को ओपीडी दोपहर 12 बजे तक होती, मगर जानकारी न होने के कारण देर से आने वाले मरीज इलाज के लिए इधर-उधर भटकते रहे। मायूस होकर उन्हें बिना इलाज के लौटना पड़ा।

शनिवार को तमाम मरीज दोपहर दो बजे तक अस्पताल में आते रहे। जब उन्हें पता चला कि ओपीडी 12 बजे तक ही थी, तब उन्हें मायूसी हुई। चंदौसी की रहने वाली प्रियंका ने बताया कि वह ट्रेन से जिला अस्पताल दवा लेने आई थीं। ट्रेन लेट होने के कारण वह अस्पताल देर से पहुंचीं, तब तक पर्चा काउंटर बंद हो गया था। वहीं विजय बेटी परी की दवा लेने के लिए चंदौसी से आए थे। ट्रेन लेट होने के कारण वह देरी से पहुंचे।

## विज्ञान-गणित विषय नहीं बल्कि जीवन का आधार

- महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर हुआ कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बरेली


कार्यक्रम में मौजूद अतिथि और विद्यार्थी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान एवं अन्तर्राष्ट्रीय गणित दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 'एमपावरिंग इंडियन यूथ एवं वूमेन फॉर ग्लोबल लीडरशिप इन साइंस एण्ड इनोवेशन फॉर विकसित भारत' विषय पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि एडीजी जोन बरेली रमित शर्मा ने कहा कि विज्ञान-गणित विषय नहीं, बल्कि जीवन का आधार हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ एडीजी के साथ महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष राम प्रकाश अग्रवाल, अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, निदेशक प्रवीन अग्रवाल, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. के.के. अग्रवाल, सह समन्वयक संजय गुप्ता, डॉ. नीतू शर्मा, संचित कक्कड़ एवं डॉ. रेशु जौहरी ने दीप प्रज्जवलन कर किया रसायन प्रवक्ता अजीत सिंह द्वारा लिखित पुस्तक 'बायोऑर्गेनिक एंड मेडिसिनल केमिस्ट्री' पुस्तक के प्रकाशन पर हर्ष व्यक्त किया गया। अध्यक्ष ने कहा कि विज्ञान दिवस हमें नोबेल विजेता सर वैंकट रमन की जिज्ञासा को दर्शाता है। पी.पी.टी. प्रतियोगिता प्रथम जानवी सिंह, द्वितीय कशिश मिश्रा तथा भावना त्रिपाठी एवं सिद्धी गुप्ता रहे। पोस्टर-मॉडल प्रतियोगिता में नंदिनी कुमारी प्रथम, द्वितीय नीतू प्रजापति तथा तृतीय स्थान दिवाकर शर्मा एवं नुमा सैफी को मिला। डॉ. रेशु जौहरी, डॉ. सोनल अग्रवाल, डॉ. सुमित अग्रवाल, डॉ.पूजा अग्रवाल, संचित कक्कड़, डॉ. नाजो बी, डॉ. आकाश गंगवार एवं डॉ. प्रमोद सक्सेना, चीफ प्राक्टर डॉ. विपुल मेहरोत्रा, अजीत सिंह, शोभित अग्रवाल, निशा परवीन, डॉ. सीमा श्रीवास्तव, मंयक शर्मा, जगवीर, रजनीश, चन्द्रप्रकाश आदि उपस्थित रहे। निदेशक डॉ. प्रवीन अग्रवाल ने आभार जताया। संचालन डॉ. नीतू शर्मा ने किया।

## डीसी मनरेगा ने मीरगंज क्षेत्र में नहल नदी का जायजा लिया

**बरेली, अमृत विचार :** शासन के आदेश पर जिले में एक नदी के पुनरुद्धार के लिए नहल नदी का चयन किया गया है। मनरेगा डीसी ने शनिवार को दौरा कर नदी पर हुए अतिक्रमण और बांध कटान का जायजा लिया। अधिकारियों के अनुसार मीरगंज ब्लॉक में स्थित नहल नदी रामपुर से होकर यहां पहुंचती हैं। नौसाना, कुल्छा खुर्द, मनकरा, सिलरापुर व कमरिया सानी गांव से सटी ये नदी कई दशक पुरानी है। 11785 मीटर औसतन लंबाई की ये नदी के चारों ओर अतिक्रमण, अवैध कब्जा से लेकर तमाम अवरोध हैं। लेकिन अब मिशन के तहत इस नदी के पुनरुद्धार किया जाएगा। 50 लाख से अधिक के बजट से सौंदर्यीकरण, धारा प्रवाह की सुगमता को लेकर तमाम कार्य कराए जाएंगे। नदी के पुनरुद्धार से खेतों की सिंचाई के साथ ही भू-गर्भ जलस्तर में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेगा। डीसी मनरेगा मोहम्मद हबीब अंसारी ने बताया कि नहल नदी को पुनरुद्धार के लिए चयनित किया गया है।

## सीएचसी और पीएचसी में भी बनाए जाएंगे पालनाघर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पैरामेडिकल स्टाफ के बच्चों की देखभाल की होगी व्यवस्था
- बच्चों के खेलने के साथ सोने का भी इंतजाम किया जाएगा

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में बच्चों के लिए पालनाघर बनाए जाएंगे। यहां पैरामेडिकल स्टाफ के बच्चों की देखभाल की व्यवस्था होगी, जिससे ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों को राहत मिल सकेगी।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि पालना घर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे खासतौर पर महिला पैरामेडिकल स्टाफ को काफी सहूलियत मिलेगी। ड्यूटी के दौरान वे अपने छोटे बच्चों को सुरक्षित स्थान पर छोड़ सकेंगी, जहां उनकी देखभाल की उचित व्यवस्था रहेगी। पालनाघरों में बच्चों के खेलने के साथ-साथ उनके सोने का भी इंतजाम किया जाएगा। इसके लिए आवश्यक संसाधन और सुरक्षित वातावरण तैयार किया जाएगा, ताकि कर्मचारी निश्चिंत होकर अपनी ड्यूटी कर सकें।

### राजकीय नर्सिंग संघ ने की थी मांग

राजकीय नर्सिंग संघ लंबे समय से इसकी मांग कर रहा था। उनका कहना था कि ड्यूटी के दौरान हमेशा उन्हें अपने बच्चों की चिंता लगी रहती है। इमरजेंसी में बच्चा अकेला होने पर कोई भी घटना घट सकती है। ऐसे में यदि पालना घर होगा तो उनके बच्चे सुरक्षित रह सकेंगे।

## 50 लाख डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट वोटरों को हटाने का चल रहा कार्य
- बरेली में 1.47 लाख, शाहजहांपुर में 1.98 लाख वोटरों का नहीं हुआ सत्यापन



**अमृत विचार :** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पंचायत निर्वाचक नामावली से डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने के लिए सत्यापन कार्य कराया जा रहा है। डुप्लीकेट मतदाताओं का सत्यापन कार्य 16 मार्च तक पूरा करने के निर्देश हैं, लेकिन अभी 50 लाख से ज्यादा ऐसे डुप्लीकेट वोटर हैं, जिनका सत्यापन कार्य नहीं हुआ है। शनिवार और रविवार को दो दिन अवकाश रहने की वजह से भी कार्य प्रभावित हुआ। ऐसे में वृहद पुनरीक्षण कार्य की फिर तारीख बढ़ने की संभावना जतायी गयी है।

राज्य निर्वाचन आयोग से रोजाना डुप्लीकेट वोटरों की सूची जारी की जाती है ताकि जिले के अधिकारी सत्यापन कार्य में तेजी लाएं। 13 मार्च तक की रिपोर्ट के अनुसार बरेली मंडल सहित 60 ऐसे जिले हैं जिनमें 50 लाख से ज्यादा डुप्लीकेट वोटर हटाए जाने हैं। जिलों में डुप्लीकेट वोटरों के आंकड़े पहले ही राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से भेजे जा चुके हैं। जारी रिपोर्ट के अनुसार बरेली में 147882 वोटर, शाहजहांपुर में 198454 वोटर, बदायूं में 47185 और पीलीभीत जनपद में 43706 वोटर ऐसे हैं, जिनका सत्यापन नहीं हुआ है।

इसके अलावा सीतापुर में 163964 वोटर, लखीमपुर खीरी में 88407 डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन होना है। इस कार्य में उन्नाव, चंदौली, फतेहपुर, मीरजापुर, वाराणसी, श्रीवास्ती, हरदोई, हापुड़ में शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन हो चुका है। हालांकि, अधिकारियों ने तारीख फिर बढ़ने की संभावना जताई है। पहले यह कार्य 16 फरवरी तक होना था। इसकी तारीख बढ़ाकर 16 मार्च कर दी गयी थी, अब यह तारीख भी नजदीक आ गयी है। इस संबंध में सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत सतीश मौर्य ने बताया कि 16 मार्च तक शत प्रतिशत डुप्लीकेट वोटरों का सत्यापन कार्य पूरा करा लिया जाएगा। टीमें लगी हैं।



सबसे पुराना दवाखाना
गुप्त रोगी मिलें
हर तरफ से निराश रोगी मिलें
बवासीर, शीघ्रपतन, नामर्दी, बे-औलाद रोगी मिलें
भारत प्रसिद्ध
गोल्ड मेडलिस्ट
डा. शेख
हर मंगलवार
निकट सैटेलाईट बस स्टैण्ड
बरेली
9837023223


लोक अदालत

पारिवारिक न्यायालयों ने 226 जोड़ों के बीच कराया समझौता

# गिले-शिकवे दूर कर सवा साल बाद बच्चों संग ससुराल गई महिला

विधि संवाददाता, बरेली


लोक अदालत में सुलह के बाद एक दूसरे को मिठाई खिलाते पति-पत्नी और उनके बच्चों को गोद में उठाए पारिवारिक न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोक अदालत में गिले शिकवे दूर कराकर पारिवारिक न्यायालयों ने 226 जोड़ो के मध्य समझौता कराया। प्रधान न्यायाधीश मोहम्मद अशरफ अंसारी ने 66, अपर प्रधान न्यायाधीश संजय कुमार सिंह ने 46, छाया नैन ने 60 व ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने 54 वादों का निस्तारण किया। बीते सवा वर्ष से 3 व 1 वर्ष के दो पुत्रों के साथ अलग रह रही मनू फातिमा का पारिवारिक न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी के प्रयास से कासगंज निवासी अपने पति मोहम्मद मोहसिन खान के साथ सुलह हो गयी। न्यायालय में दोनों ने एक दूसरे को मालाएं पहनायीं, मिठाई खिलाकर हमेशा साथ रहने का वायदा किया। न्यायाधीश ने बच्चों के लिए निजी विवादों को दरकिनार कर उनके दोनों पुत्रों अल्तमश (3) व अबु जर (1) को गोदी में उठाकर अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए प्रेरित किया।

मनू फातिमा का निकाह 24 अक्टूबर 2021 को मोहम्मद मोहसिन खान के साथ हुआ था। आरोप था कि ससुराल वालों ने कम दहेज मिलने पर यातनाएं देकर मारपीट कर बच्चों समेत 28 अक्टूबर 2025 को धक्का देकर निकाल दिया था। मनू ने न्यायालय में बच्चों व स्वयं के लिए भरण पोषण की राशि पति से दिलाए जाने का वाद दायर किया था।

पारिवारिक न्यायालय के अपर प्रधान न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि विवाह बाद जब संतान हो जाए, तब पति-पत्नी को आपसी झगड़े का त्याग कर यह संकल्प लेना चाहिए कि हमें बच्चों के लिए जीना है, पारिवारिक विवादों का बच्चों के भविष्य पर बहुत बड़ा दुष्प्रभाव है। सारी लड़ाई जुबान के कारण ही होती है। अगर पति-पत्नी के विवादों का असर बच्चों पर पड़ रहा है तो यह बहुत बड़ा पाप है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत में 195735 वाद निस्तारित



**बरेली :** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में शनिवार को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार सिंह ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। नोडल अधिकारी उमा शंकर कहार ने बताया कि लोक अदालत में 195735 वादों का निस्तारण कर 190452969 रुपये की धनराशि जमा करायी गयी। मोटर दावा दुर्घटना अधिकरण ने 175, प्रशासनिक अधिकारियों ने 42325, परिवहन विभाग ने 2315 वाद, पुलिस विभाग ने 76593 मामले निस्तारित कराए। पुलिस अधीक्षक यातायात ने 70992 ई चालानों का निस्तारण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव जया प्रियदर्शिनी ने बताया कि लोक अदालत जनपद न्यायालय परिसर में बैंक वादों के निस्तारण के लिए 25 पीठों का गठन किया गया, जिनके समक्ष विभिन्न बैंक ने ऋण से संबंधित 1661 वाद निस्तारित किए।

### हस्तशिल्प वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई

लोक अदालत में केन्द्रीय कारागार-प्रथम के बंदियों की ओर से तैयार हस्तशिल्प वस्तुओं एवं केन्द्रीय कारागार-द्वितीय जिला कारागार के बंदियों द्वारा तैयार औषधीय पौधों की प्रदर्शनी लगाई गयी। महिला कल्याण विभाग के अलावा स्वयं सहायता समूहों ने कई वस्तुओं के स्टाल लगाए।

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार
अमृत विचार
बरेली , रविवार,15 मार्च 2026



## सिटी ब्रीफ

### बिना सहमति पत्र के नहीं लगेगी सर्वाइकल कैंसर से बचाव को वैक्सीन

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। यह टीका उन्हीं किशोरियों को लगेगा, जो माता-पिता का सहमति पत्र लेकर अस्पताल आएंगी। यदि सहमति पत्र नहीं होगा तो टीका नहीं लगाया जाएगा। सीएमओ विश्राम सिंह ने बताया कि मंगलवार से जिला महिला अस्पताल से किशोरियों को वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके तहत 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों को वैक्सीन दी जाएगी। टीका लगवाने के लिए किशोरियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा, जिले में लगभग 50 हजार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

### राम नाम की शरण में जाने से मिलता है मोक्ष : देवेंद्र

**बरेली, अमृत विचार :** त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री रामालय में आयोजित श्रीरामचरितमानस कथा के आठवें दिन शुक्रवार को कथा व्यास पं. देवेंद्र उपाध्याय ने भगवान शिव के रुद्र स्वरूप की व्याख्या करते हुए कहा कि रुद्र का अर्थ है, वह जो भगवान श्रीराम के प्रेम में विभोर होकर रोता है। भगवान शंकर ग्यारह प्रकार से श्रीराम के लिए रोते हैं, इसलिए उन्हें ग्यारह रुद्र कहा गया है। उन्होंने बताया कि नारद जी ने भक्ति सूत्र में ग्यारह प्रकार की आसक्तियों का वर्णन किया है। ये सभी आसक्तियां श्रीराम में हैं और यही गुण भगवान शंकर में भी विद्यमान हैं। उन्होंने कहा कि नारद जी ने माता पार्वती के समक्ष भगवान शंकर के ग्यारह गुणों का वर्णन दोषों के रूप में किया, जिसे व्याज स्तुति कहा जाता है। मंदिर समिति के प्रताप चंद्र सेठ, मीडिया प्रभारी संजीव औतार अग्रवाल, सुभाष मेहरा, हरिओम अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**बरेली, अमृत विचार :** जगतपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित अवंतीबाई गर्ल्स डिग्री कॉलेज के सात दिवसीय विशेष एनएसएस कैंप के दूसरे दिन स्वयं सेविकाओं को जल एवं नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि बरेली कॉलेज के पर्यावरण विज्ञान विभाग के कोऑर्डिनेटर डॉ. जसपाल सिंह ने पानी की हर बूंद को बचाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को वर्षा जल संचयन और घरेलू कार्यों में पानी की बचत के व्यावहारिक तरीके समझाए। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुरभि श्रीवास्तव और डॉ. अन्नू महाजन के नेतृत्व में हुआ। डॉ. सुरभि श्रीवास्तव ने आभार व्यक्त किया।

# गली-गली निकली रामजी की सवारी, पुष्प वर्षा से किया स्वागत

## 166वीं ऐतिहासिक रामलीला के दौरान निकली भव्य शोभायात्रा, झांकियों ने मन मोहा, आज राज्याभिषेक के साथ होगा समापन

कार्यालय संवाददाता,बरेली

**अमृत विचार :** ब्रह्मपुरी में आयोजित विश्व प्रसिद्ध 166वीं ऐतिहासिक रामलीला के दौरान शहर में शनिवार को भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गलियों में निकली श्रीराम की सवारी के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की और भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों का स्वागत किया। पूरे मार्ग पर भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

रामलीला मंचन की लीला में दिखाया गया कि श्रीराम ने रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त की और विभीषण को लंका का राजा बनाया। इसके बाद श्रीराम, सीता और लक्ष्मण पुष्पक विमान से अयोध्या लौटे, जहां माताओं ने उनकी आरती उतारकर भव्य स्वागत किया। श्रीराम ने गुरु वशिष्ठ को अपने वनवासी मित्रों में सुग्रीव, जामवंत, नल-नील, अंगद और हनुमान का परिचय कराया और उनके सहयोग का स्मरण किया। इसके बाद श्री नरसिंह मंदिर, ब्रह्मपुरी लीला स्थल से दोपहर तीन बजे राम शोभायात्रा शुरू हुई। यह



बड़ी बमनपुरी स्थित श्री नरसिंह मंदिर से निकलती शोभायात्रा के साथ मेयर उमेश गौतम व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

मलूकपुर चौराहा, बिहारीपुर ढाल, कुतुबखाना, रोडवेज, बरेली कॉलेज, कालीबाड़ी, श्यामगंज, साहू गोपीनाथ, शिवाजी मार्ग, बड़ा बाजार, किला चौराहा और सिटी सब्जी मंडी होते हुए पुनः नरसिंह मंदिर पर संपन्न हुई। सजे हुए लकड़ी के रथ पर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूप विराजमान थे। रामलीला सभा के अध्यक्ष और महापौर उमेश गौतम ने आरती कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में 16 रथ शामिल रहे, जिनमें राम दरबार, गणेश, राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती, खाटू श्याम, लक्ष्मी-नारायण और



शोभायात्रा में गणपति की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। ● अमृत विचार

हनुमान-सुरसा सहित नौ आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। रामलीला सभा के प्रवक्ता विशाल मेहरोत्रा ने बताया कि शाम को साहूकारा क्षेत्र में भरत मिलाप की लीला हुई, जबकि रविवार को श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन होगा। शोभायात्रा में रामलीला सभा के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।



शोभायात्रा में राधा-कृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार

### ढोल-नगाड़ों की धुन पर झूमे

फूलों से सजी नाव के आकार की विशेष कार भी आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा के दौरान डीजे, ढोल-नगाड़े और बैंड की धुनों पर श्रद्धालु भक्ति में झूमते नजर आए। श्रीराम के जयकारे गूंज रहे थे। हर तरफ उत्सव का माहौल दिखा। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तैनात रहे। सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई।

### हरि मंदिर : श्रीराम कथा में भरत चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया



**बरेली, अमृत विचार :** श्री गणेश उत्सव समिति और श्री गणेश उत्सव सेवा ट्रस्ट के तत्वाधान में श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन में चल रही श्रीराम कथा के सातवें दिन शुक्रवार को कथाव्यास पंडित आशुतोष दास महाराज ने भरत चरित्र का वर्णन किया। बताया कि भरत जी गंभीर महासागर हैं, श्रीराम जी ने विरह के मंदराचल से मथकर देवताओं और संतों के लिए प्रेम का अमृत प्रकट किया। भरत जी केवल राम प्रेमी नहीं है वस्तुत: वे तो राम जी का प्रेम ही हैं, जो शरीर के रूप में प्रकट हुआ है। कथा व्यास ने भगवान के विवाह के बाद बरात के अवध लौटने का भी प्रसंग सुनाया। कमेटी से अभिषेक गौड़, कथा संयोजक कैलाश चंद्र शर्मा, अजय, मनी, अभिनव, अजयराज, शंकर शर्मा, प्रथमेश, सुरेश, वैभव, महेश, किरन, माला, साधना, राखी, भावना आदि मौजूद रहे। भक्तों ने आरती के बाद प्रसाद ग्रहण किया।

# खेली फूलों की होली, बुजुर्गों का किया सम्मान

- वरिष्ठ नागरिक सामाजिक सेवा समिति का होली मिलन समारोह आयोजित
- पत्रिका 'सृष्टि निर्माण दिवस' का विमोचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** वरिष्ठ नागरिक सामाजिक सेवा समिति की ओर से शनिवार को स्टेडियम रोड स्थित एक सभागार में होली पारिवारिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। 80 वर्ष से अधिक की उम्र के लोगों का सम्मानित किया गया। पुस्तिका का विमोचन किया गया।

समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों हुए। भक्ति भरे गानों के साथ राम के चरित्र पर भी बात हुई। 80 वर्ष से अधिक आयु के सदस्यों का सम्मान किया गया। नव संवत्सर के अवसर पर शिव कुमार बरतरिया की पत्रिका 'सृष्टि निर्माण दिवस' का विमोचन किया गया। महामंत्री एसके कपूर ने बताया कि कार्यक्रम में अधिकतम उपस्थिति पुरस्कार, श्रेष्ठ कार्यकर्ता पुरस्कार और सेवा कार्यक्रमों को वित्तीय सहयोग देने वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। ऑनलाइन प्रश्नावली प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। फूलों



कार्यक्रम में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सदस्यों को सम्मानित किया गया।

की होली खेली गई और सहभोज का आयोजन किया गया। समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। संचालन महामंत्री और वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वानी देव ने किया। अध्यक्ष केके महेश्वरी, वीके मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, पवन अग्रवाल, बिपिन मेहरा, जेपी गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, सुनील रस्तोगी, मुकेश सक्सेना, आर एन मेहरोत्रा, अनिल कोहली, अनिल सक्सेना, सुनील अग्रवाल, डॉ आरसी पाण्डेय, राकेश बाबू सक्सेना, विजय सक्सेना, राज कुमार प्रिंस, एमएल टंडन, राम बाबू अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, रोशन लाल खंडूजा, राज कुमार प्रिंस, आनंद सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# सेवा, प्रतिभा व संस्कारों की सुगंध से समाज को महका रहीं महिलाएं

- रोटरी क्लब बरेली फ्रेगरेंस ने इंटरसिटी मीट का किया आयोजन
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोटरी क्लब बरेली फ्रेगरेंस ने शनिवार को बरेली क्लब में रोटरी वूमेन स्प्रेडिंग द फ्रेगरेंस थीम के साथ इंटरसिटी मीट आयोजित की। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं अपनी सेवा, प्रतिभा और संस्कारों की सुगंध से समाज को महका रहीं हैं। हर क्षेत्र में पहचान बना रही हैं। महिलाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया।

सम्मानित होने वाली महिलाओं में अमिता अग्रवाल, राधा सिंह, गीता शर्मा, मनजीत बिग, डॉ नीरा अग्रवाल, शालिनी विद्यार्थी रहीं। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर राजेन विद्यार्थी ने कहा कि रोटरी से जुड़ी महिलाएं अपने कार्यों और सेवा भाव से समाज को एक नई दिशा दे रही हैं। इंटरसिटी मीट में चेयर अनूप गुप्ता, विनय कृष्ण, असिस्टेंट गवर्नर रिचा टंडन, रजत



इंटरसिटी मीट में उपस्थित मुख्य अतिथि और रोटरी क्लब बरेली फ्रेगरेंस की पदाधिकारी।

मल्होत्रा, मनीष शर्मा आदि ने भी विचार रखे। इसमें बरेली, झांसी, पीलीभीत, बदायूं आदि से रोटेरियन सदस्यों ने भागीदारी की। रोटरी क्लब फ्रेगरेंस की चार्टर प्रेसिडेंट सुधा गुप्ता, सेक्रेटरी मुक्ता अग्रवाल ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इंटरसिटी मीट की प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर रिचा अग्रवाल रहीं। संचालन मनीषा मेहरा ने किया। लेखा खंडेलवाल, सीमा अग्रवाल, ज्योति खुराना, शालू मित्तल, निधि अग्रवाल, शुभ्रा बंसल, सीमा सिंघल, किरण सक्सेना, पूनम योगेंद्र, साक्षी अग्रवाल, संजय रेकरिवाल, राजगोपाल खट्टर, विश्वनाथ गुप्ता, दीपक, ज्ञानेंद्र गुप्ता, दिनेश शुक्ला, अनिल अग्रवाल, संदीप मेहरा, देव प्रिया उकसा, शिल्पी शर्मा आदि उपस्थित रहीं।

# बुनकरों ने मेले में दिखाए कश्मीर से बनारस तक के रंग



हथकरघा मेले का शुभारंभ करते सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार :** हार्टमन रामलीला मैदान में आयोजित हथकरघा मेले में बुनकर कश्मीर से लेकर बनारस तक का रंग दिखा रहे हैं। शनिवार को मेले का उद्घाटन सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने किया।

सांसद ने कहा कि शहरवासी मेले में पहुंचकर खरीदारी करें, इससे कारीगरों का मनोबल बढ़ेगा। हथकरघा विकास आयुक्त, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से यह मेला आयोजित किया गया है। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों से आए बुनकरों और कारीगरों के उत्पाद एक ही छत के नीचे सजाए गए हैं। उत्तर प्रदेश हथकरघा विभाग की ओर से आयोजित मेले में 60 से अधिक स्टॉल हैं। कश्मीर और राजस्थान के पारंपरिक वस्त्रों के साथ-साथ बनारस और मऊ की प्रसिद्ध साड़ियां भी लोगों को अपनी तरफ खींच रही हैं। सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग सर्वेश कुमार शुक्ला का कहना है कि मेले का उद्देश्य स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के बुनकरों को मंच देना है।

# अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन 17 से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी 17 व 18 मार्च को कर्मचारी नगर स्थित एक होटल में तृतीय अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करेगा। शनिवार को आलमगिरीगंज स्थित शांति कुटीर धर्मशाला में आयोजित प्रेस वार्ता में अध्यक्ष उमानाथ अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 16 मार्च को शाम 7:30 बजे गणेश पूजन के साथ होगा, जिसमें मुख्य अतिथि कैंट विधायक संजीव अग्रवाल रहेंगे।

संरक्षक एड. अजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सम्मेलन के पहले दिन वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार, नगर पालिका पीलीभीत अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश अग्रवाल और सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। एड. दिनेश अग्रवाल ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को एक



प्रेसवार्ता में जानकारी देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- अब तक 270 युवक व 205 युवतियों का पंजीकरण, परिचय पुस्तिका बनेगी रिश्तों का आधार

उपयुक्त मंच प्रदान करना है, जिससे सामाजिक रिश्तों को नई दिशा मिल सके। सम्मेलन के संयोजक सुधीर व आलोक अग्रवाल ने बताया कि अब तक 475 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें 270 युवक और 205 युवतियां शामिल हैं। इन सभी का विवरण ''परिचय पुस्तिका'' में प्रकाशित किया जाएगा। मीडिया प्रभारी एड. हर्ष कुमार अग्रवाल ने बताया कि 17 मार्च की शाम सुप्रसिद्ध कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और भव्य रासलीला का मंचन किया जाएगा। समाज की उन वरिष्ठ विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने वैवाहिक जीवन के 50 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं या जिनकी आयु 75 वर्ष से अधिक है। कोषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, डॉ.आरती गुप्ता, डॉ. नीरू अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, कमल गोयल, देवेश अग्रवाल, आशुतोष, पीयूष अग्रवाल, हरीश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## सिटी डायरी

### रोटरी बरेली और रोटरी हैरिटेज ने कम्पोजिट स्कूल को बनाया सक्षम



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली एवं रोटरी क्लब ऑफ बरेली हैरिटेज ने खजुरिया घाट स्थित कम्पोजिट विद्यालय में छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने के लिए विभिन्न संसाधन उपलब्ध कराए। रोटरी क्लब ऑफ बरेली हैरिटेज ने अपनी पूर्व अध्यक्ष रुचि मलिक की स्मृति में विद्यालय के पुस्तकालय के लिए अलमारियां व पुस्तकें प्रदान कीं। शनिवार सुबह आयोजित कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए छात्रों का प्रारंभिक स्तर से आधुनिक तकनीक से परिचित होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से दोनों क्लबों की ओर से अंगीकृत इस कम्पोजिट विद्यालय में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। रोटरी हैरिटेज एवं सृष्टि पूर्ति की अध्यक्ष शिल्पी शर्मा ने कहा कि पुस्तकालय और सूचना तकनीक के माध्यम से छात्रों को देश-विदेश में हो रहे नए बदलावों की जानकारी मिलेगी। छात्रों के लिए खेल सामग्री भी उपलब्ध कराई गई।

### ड्रेस व राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेता सम्मानित



**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर गार्डन स्थित सेठ रामानुज दयाल अग्रवाल सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को आयोजित समारोह में ड्रेस और राधा-कृष्ण स्वरूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश कुमार त्रिपाठी ने बच्चों को इसी प्रकार निरंतर अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गायिका नीलिमा रावत, संगीताचार्य प्रदीप रावत तथा अधिवक्ता आदित्य सक्सेना ने किया। प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

### पूर्व सैनिकों से मुलाकात करेगी टीम, जोरावर साइकिल रैली रवाना



**बरेली, अमृत विचार :** जोरावर साइकिल रैली को बरेली से मुख्यालय उत्तर भारत (एचक्यू यूबी) के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा एवीएसएम ने शनिवार को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली लिपुलेख दर्रे तक एक चुनौतीपूर्ण और प्रेरणादायक मार्ग से होकर गुजरेगी। जो साहस, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। रैली का समापन पिथौरागढ़ में औपचारिक रूप से फ्लैग-इन के साथ होगा। रैली के दौरान टीम मार्ग में पूर्व सैनिकों से भेंट करेगी। साथ ही विभिन्न विद्यालयों का दौरा करेगी। इन मुलाकातों का उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कुशलक्षेम की जानकारी लेना, उनके राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान का सम्मान करना और स्थानीय समुदाय के साथ संबंधों को सुदृढ़ करना है। टीम विद्यालयों के विद्यार्थियों को भारतीय सेना में करियर बनाने के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित भी करेगी। जिससे वह गर्व के साथ राष्ट्र की सेवा कर सकें। जोरावर साइकिल रैली साहस, दृढ़ता और राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता की भावना को दर्शाती है और सशस्त्र बलों और नागरिकों के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने का प्रयास है।

# बरेली क्लब बना फूलबाग, बगीचे में बनाया गया फूलों का दिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली क्लब में शुरू हुई पुष्प प्रदर्शनी के बीच शुक्रवार को निर्णायक समिति की टीम ने मशहूर फूल वाली कोठी का निरीक्षण किया, जहां प्रकृति की गोद में सजा दिल के आकार का अनोखा बगीचा वर्षों से लोगों को आकर्षित करता आ रहा है। इस खास बगीचे ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सौ साल पुराने पेड़ों, लहलहाते फूलों और दुर्लभ पौधों से सजे इस बगीचे की खूबसूरती ऐसी है कि यहां बॉलीवुड



टीम ने फूल वाली कोठी का निरीक्षण किया। ● अमृत विचार

फिल्मों की शूटिंग तक हो चुकी है।

निरीक्षण के दौरान समिति की सदस्यों में सागरिका साहू, रेनू सिंह, सन्नी चावला, परणिता निझावन और राम गुप्ता ने फूल वाली कोठी के बगीचे का अवलोकन किया। यहां का मुख्य आकर्षण दिल के आकार में विकसित लैंडस्केप गार्डन है, जिसके चारों ओर कटहल, लीची और बोगनवेलिया के घने पौधे लगे हैं। प्रेमनगर स्थित कोठी के मालिक रजत खंडेलवाल ने बताया कि कुछ वर्ष पहले यहां फिल्म अलीगढ़ की शूटिंग हुई थी, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव और मनोज बाजपेयी शामिल थे।

### यहां हरियाली, फूलों का शांत वातावरण

फूल वाली कोठी का बगीचा केवल सुंदरता ही नहीं, बल्कि दुर्लभ पौधों के संग्रह के लिए भी जाना जाता है। यहां हरियाली, रंग-बिरंगे फूलों और शांत वातावरण के बीच आने वालों को प्रकृति के बेहद करीब होने का अनुभव मिलता है। इसी कारण यह स्थान बागवानी प्रेमियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए खास महत्व रखता है। बरेली क्लब की पुष्प प्रदर्शनी में इस बगीचे का दबदबा लगातार कायम है। पिछले 34 वर्षों से फूल वाली कोठी को सर्वश्रेष्ठ बगीचे का पुरस्कार मिल रहा है। सदस्यों ने भी निरीक्षण के दौरान बगीचे की सुंदरता, संरचना और हरियाली की सराहना की और इसे शहर की बागवानी संस्कृति का शानदार उदाहरण बताया।